अग्रवाल महाविद्यालय में अतिथि व्याख्यान

अग्रवाल महाविद्यालय बल्लमगढ़ में दिनांक 4 मई 2022 को राजनीतिक शास्त्र विभाग द्वारा एक अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। यह व्याख्यान महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता जी के मार्गदर्शन व प्रेरणा से किया गया। अतिथि व्याख्यान का विषय **"भारत में मतदान व्यवहार"** था। यह व्याख्यान अग्रवाल महाविद्यालय की भूतपूर्व छात्रा कुमारी ज्योति शर्मा द्वारा दिया गया।

उसने मतदान व्यवहार के बारे में विस्तार से बताते हुए इसके विभिन्न पहलुओं की चर्चा की भारत सबसे बड़ा लोकतंत्र है और चुनाव विश्लेषण से पता चलता है कि व्यक्ति के मतदान के निर्णय को प्रभावित करने वाले अनेक कारक है यही उसके लोकतंत्र के प्रति धारणा को व्यक्त भी करते हैं। व्याख्यान के उपरान्त विधार्थियों ने मतदान व्यवहार से संबंधित प्रश्न पूछे जिसका अतिथि वक्ता ने सहज और सरल भाषा में समाधान किया। इस व्याख्यान द्वारा 59 विद्यार्थी लाभान्वित हुए। यह कार्यक्रम राजनीति शास्त्र की विभागाध्यक्षा डॉ. ऋतु व कुमारी उदिता कुंडू द्वारा करवाया गया।